मोहाली पहुंचे ऑल इंडिया कन्फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी

सीनियर सिटीजंस की समस्याओं का होगा समाधान : चपके

मोहाली सीनियर सिटीजन एसोसिएशन ने मोहाली पहुंचे ऑल इंडिया कन्फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी डीएन चपके का स्वागत किया। फोटो लखवंत सिंह

भास्कर न्यूज | मोहाली

पूरे देश के सीनियर सिटीजंस को आ रही दिक्कतों को हल करने के लिए ऑल इंडिया कन्फेडरेशन ऑफ सीनियर सिटीजन की ओर से सरकार से बात की जा रही है। यह बात कॉन फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी डीएन चपके ने बुधवार को मोहाली में कही। वे यहां मोहाली सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के सदस्यों से मिलने के लिए महाराष्ट्र से पहुंचे हुए थे। चंडीगढ़ और मोहाली में सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के काम को देखते हुए उन्होंने खुशी व्यक्त की और कहा कि यहां के लोग दूसरों की मदद के लिए काफी काम कर रहे हैं। चपके ने कहा कि जो सीनियर सिटीजन गरीबी रेखा से नीचे हैं, उन्हें कई राज्यों में मात्र 200 रुपए प्रति महीना पेंशन मिल रही है। कई राज्य जैसे दिल्ली, मुंबई और गोवा सरकारों की ओर से 1000 रुपए से अधिक प्रति महीना पेंशन दी जा रही है। चपके ने कहा कि उन्होंने सरकार को सीनियर सिटीजनों के लिए अधिक से अधिक पेंशन देने के लिए बात की है। सीनियर सिटीजंस को हेल्थ केयर की सुविधा देने बारे भी सरकार को अवगत करवाया जा चुका है। बुजुर्गों को अकेलेपन से बचाने, उनके मनोरंजन के साधन सहित उनसे दोस्ताना रिश्ता बनाने के लिए एसोसिएशनों की ओर से किए जा रहे प्रयास सराहनीय है। मोहाली सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के फेज 7 स्थित कार्यालय में चपके को शॉल देकर स्वागत किया गया। इस मौके अमरजीत सिंह खैरा, एचएस मंड, डीएस ग्रेवाल, एस चौधरी सहित कई सीनियर सिटीजन मौजूद थे।

सीनियर सिटीजन ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस 2 नवंबर को

कन्फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी डीएन चपके ने कहा कि पूरे देश के सीनियर सिटीजनों की एक कॉन्फ्रेंस आगामी 2 और 3 नवंबर को त्रिवेंद्रम में आयोजित जाएगी। इसमें पूरे देश से सैकड़ों की संख्या में सीनियर सिटीजन पहुंचेंगे और अपनी मुश्किलों को सांझा करेंगे। चपके ने बताया कि हर साल कॉन्फ्रेंस में सीनियर सिटीजंस से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस बार कॉन्फ्रेंस में ह्यूमन राइट्स ऑफ ओल्ड पर्सनज विषय पर विचार किया जाएगा। चपके ने आशा व्यक्त की कि मोहाली, चंडीगढ़ और पंजाब से काफी संख्या में सीनियर सिटीजन नेशनल कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने त्रिवेंद्रम पहुंचेंगे।